(20619) Roll No. ..............................

B.Ed. (Two Year Course)

Total Questions : 21 ] [ Printed Pages : 4

# 5056

## B.Ed. 1st Year Annual Examination, June-2019

## SESSION (2018-20), Ist Year Main

## &

## SESSION (2016-18) & (2017-19)
## Ist Year Ex. & Back Paper,

## SESSION (2015-17) Ist Year (Only Ex. Students)

# PEDAGOGY OF SANSKRIT

## (E–203)

*Time : 3 Hrs. ]* *[ M.M. : 80*

---

नोट :– सभी खण्डों को निर्देशानुसार हल कीजिए।

### खण्ड–अ

**(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)** 3×16=48

नोट :– इस खण्ड में तीन प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक चयन का विकल्प है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. भारतीय भाषाओं में संस्कृत का स्थान बताते हुए 'त्रिभाषा सूत्र' की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

वर्तमान विद्यालयीय पाठ्यक्रम में संस्कृत के स्थान का सन्दर्भ लेते हुए 'त्रिभाषा सूत्र' की समीक्षा कीजिए।

2. भाषा सीखने के सिद्धान्त कौन-कौनसे हैं ? विस्तार से स्पष्टीकरण कीजिए।

**अथवा**

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संस्कृत भाषा के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महत्त्व पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

3. संस्कृत-वर्णमाला की समस्त ध्वनियों के उच्चारण-स्थानों का वर्णन करते हुए उसका सूत्र भी लिखिये।

**अथवा**

संस्कृत भाषा की 'स्पर्श ध्वनियों' का विवरण देते हुए उनके उच्चारण स्थान को स्पष्ट करने वाले सूत्र लिखिए।

## खण्ड–ब

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4×4=16

**नोट** :– इस खण्ड में आठ प्रश्न दिए गए हैं। किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

4. बी.एस. ब्लूम द्वारा वर्गीकृत उद्देश्यों के सन्दर्भ में संस्कृत के भावात्मक एवं कौशलात्मक स्तरों की व्याख्या कीजिए।

5. संस्कृत में छात्रों द्वारा उच्चारण की कौन-कौनसी अशुद्धियाँ प्राय: की जाती हैं ? इन्हें शुद्ध करने के उपाय भी लिखिये।

6. भाषा के वाचन एवं लेखन कौशलों में दक्षता विकसित करने के लिए कौन-कौनसी पाठ्येत्तर क्रियाएँ करायी जानी चाहिए ?

7. संस्कृत भाषा-शिक्षण की सामान्य विधियों का उल्लेख करते हुए सर्वोत्तम विधि को कारण सहित स्पष्ट कीजिए।

8. रचना के प्रकार कौन-कौनसे हैं ? माध्यमिक स्तर पर संस्कृत-शिक्षण हेतु कौन-कौनसी विधियों का प्रयोग किया जाना चाहिए ?

9. व्याकरण-शिक्षण के उद्देश्य तथा उसकी शिक्षण-विधियों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

10. उद्देश्यों एवं शिक्षण-प्रक्रिया की दृष्टि से संस्कृत के गद्य एवं पद्य-शिक्षण में क्या अन्तर होता है ? उदाहरण दीजिए।

11. मूल्यांकन किसे कहते हैं ? उसके विभिन्न प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड–स

### (अति लघु उत्तरीय प्रश्न) 8×2=16

**नोट** :– इस खण्ड में दस प्रश्न दिए गए हैं। किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

12. कण्ठ से बोली जाने वाली ध्वनियाँ तथा उनका सूत्र लिखिये।

13. पाठ्य-पुस्तक के चयन हेतु ध्यान में रखे जाने हेतु उसके आन्तरिक पक्ष के दो प्रमुख बिन्दु लिखिये।

14. संस्कृत-शिक्षण हेतु उपयोगी किन्हीं **दो** प्रकार की दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के नाम का उल्लेख कीजिए।

15. संस्कृत-शिक्षण में शब्द व्याख्या हेतु प्रयोग की जाने वाली प्रमुख विधियों का उल्लेख कीजिए।

16. 'क्रियात्मक अनुसन्धान' के सभी पदों (Steps) के नाम लिखिये।

17. पाठयोजना-निर्माण के **तीन** प्रमुख भागों का नामोल्लेख कीजिए।

18. धातु रूपों में आत्मने पद के लट् लकार के पठ धातु के धातु रूप लिखिये।

19. ब्लूम द्वारा वर्गीकृत ज्ञानात्मक क्षेत्र के उद्देश्य-स्तर लिखिये।

20. पाठ्यक्रम-निर्माण के किन्हीं **दो** सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

21. निदानात्मक एवं उपचारात्मक शिक्षण के कोई **दो** प्रमुख लाभ बताइए।